# देश

**उवाच**

दक्षिण भारत के लिए उच्चतक न्यायालय की पीठ चेन्नई में स्थापित की जानी चाहिए। इससे दक्षिण भारत के गरीबों को त्वरित न्याय मिल सकेगा।
**-वाईको,एमडीएमके नेता**

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 28.2 | 14.9 |
| मुंबई | 34.4 | 21.4 |
| कोलकाता | 29.9 | 19.7 |
| चेन्नई | 30.9 | 25.7 |

## कर्नाटक में उप चुनाव के बाद हो सकती है महाराष्ट्र जैसी स्थिति : देवेगौड़ा

**मैसुरू,**27 नवम्बर (एजेंसियां)। पूर्व प्रधानमंत्री एवं जनता दल (सेक्युलर) के सुप्रीमो एच डी देवेगौड़ा ने कहा है कि कर्नाटक में होने वाले उपचुनाव के परिणामों से राज्य में राजनीतिक घटनाक्रम बदल सकता है। देवेगौड़ा ने बुधवार को यहां पत्रकारों से कहा, उप चुनाव के बाद कुछ भी हो सकता है और महाराष्ट्र की राजनीति का असर यहां भी पड़ सकता है। हालांकि सब कुछ कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी पर निर्भर करेगा। उन्होंने राज्य सरकार में पूर्व मंत्री एवं अयोग्य ठहराए गए विधायक ए एच विश्वनाथ पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह एक वरिष्ठ राजनेता हैं, लेकिन दोहरे मापदंड अपनाते हैं। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि विश्वनाथ वोट पाने के लिए विपक्ष के नेता सिद्धारमैया की प्रशंसा कर रहे हैं। लोग समझदार हैं कि उन्हें अपना वोट किसे देना है। महाराष्ट्र में सरकार गठन को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कांग्रेस-राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शिव सेना के बीच मौजूदा गठबंधन से उन्हें उन परिस्थितियों की याद आती है जब 1970 के दशक में आपातकाल के बाद इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस को हराने के लिए सभी समाजवादियों ने जनसंघ से हाथ मिला लिया था।

आर्थिक मंदी को लेकर कांग्रेस का दावा, कहा

# देश की अर्थव्यवस्था गंभीर स्थिति में

**नई दिल्ली,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस के आनंद शर्मा ने आज आरोप लगाया कि नोटबंदी और जटिल वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के कारण लोगों का विश्वास टूटा है तथा निजी क्षेत्र नया निवेश नहीं करना चाहता जिसके कारण देश की अर्थव्यवस्था गंभीर दौर से गुजर रही है।

शर्मा ने राज्यसभा में देश की आर्थिक स्थिति पर अल्पकालिक चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि देश की अर्थ व्यवस्था चरमरा गई है और प्रगति ठहर गई है, मांग गिर रही है और बाजार टूट रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों के पास पैसा नहीं है और गांवों की स्थिति तो और खराब है। किसान त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। पिछले पांच साल के दौरान देश के एक प्रतिशत अमीर लोगों का धन 40 प्रतिशत से बढ़कर 60 प्रतिशत हो गया है। कॉर्पोरेट क्षेत्र के कर की शरिश को 35 प्रतिशत से घटाकर 25 प्रतिशत कर दिया है जबकि इस क्षेत्र के पास सबसे अधिक गैर-निष्पादित परिसम्पत्ति है।

उन्होंने कहा कि किसी भी देश की अर्थव्यवस्था निजी निवेश, कारखानों में उत्पादन तथा निर्यात के आधार पर चलती है। लेकिन ये सभी नीचे जा रहे हैं। सकल घरेलू उत्पाद पांच प्रतिशत से नीचे है। निवेश दर वर्ष 2012 में 36.4 था जिसमें सात प्रतिशत की कमी आई है। कारखानों का उत्पादन 4.3 प्रतिशत कम हो गया है।



नोटबंदी व जीएसटी के कारण लोगों का विश्वास टूटा है : आनंद शर्मा

कारखानों, ऑटो और कपड़ा क्षेत्र में मंदी से 25 लाख लोग बेरोजगार हो गए हैं।

### लाभ में चल रहे सरकारी उपक्रमों को बेचा जा रहा

शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण की रिपोर्ट के अनुसार, बेरोजगारी दर 8.5 प्रतिशत है जो पहले तीन प्रतिशत होती थी। यात्री वाहनों का उत्पादन इस वर्ष 24 प्रतिशत और वाणिज्यिक वाहनों का 62 प्रतिशत कम हुआ है। निजी क्षेत्र नया निवेश न कर पुराने कर्जे चुकाने में लगा है और सरकार के पास निवेश के लिए पैसे नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पहले घरेलू बचत दर 34.6 प्रतिशत थी जो अब घटकर 30 प्रतिशत पर आ गई है। देश का बजट घट-बढ़ रहा है और पिछले साल के 1.76 लाख करोड़ रुपये के घाटे को रिजर्व बैंक के आरक्षित कोष से राशि निकाल कर पूरा किया किया गया है। लाभ में चल रहे सरकारी उपक्रमों को बेचा जा रहा है। कांग्रेस के दिग्विजय सिंह ने कहा कि इस मंदी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिम्मेदार है क्योंकि उन्होंने बिना सोचे समझे नोटबंदी और कर की कई श्रेणियों वाला जीएसटी का फैसला लिया।

## ग्रामीण क्षेत्र की अर्थव्यवस्था की स्थिति बहुत खराब : कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि देश की अर्थव्यवस्था डांवाडोल स्थिति में पहुंच गई है और ग्रामीण क्षेत्र की स्थिति इससे भी खराब है लेकिन सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है। कांग्रेस प्रवक्ता राजीव गौड़ा ने बुधवार को संसद भवन में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दुनियाभर की रेटिंग एजेंसियां भारत की अर्थव्यवस्था को नकारात्मक बता रही हैं। सरकार का ध्यान शहरी क्षेत्रों पर ज्यादा है और वह बड़े कारोबारियों को कर में छूट दे रही है लेकिन ग्रामीण क्षेत्र की स्थिति पर उसका ध्यान नहीं है। वहां तेजी से लोगों की क्रय क्षमता घट रही है। किसान योजना के तहत सरकार जो पैसा बांट रही है उसका लाभ सबको नहीं मिल रहा है इसलिए देश में किसान की स्थिति और भी खराब हो रही है। उन्होंने कहा कि देश में सिर्फ बेरोजगारी ही अकेली बड़ी समस्या नहीं है बल्कि निर्यात की दर कम हो गई है, विदेश निवेश घटा है और विनिर्माण क्षेत्र की स्थिति में सुधार नहीं हो रहा है। अर्थव्यवस्था बहुत निचले पायदान पर आ गई है। रिएल एस्टेट की हालत में कोई सुधार नहीं हो रहा है। प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस ने पहले ही सरकार को चेतावनी दी थी कि मुद्रा योजना के तहत जो पैसा बांटा जा रहा है वह बहुत कम है।

## संसद से

### कार्टोसेट-3 के सफल प्रक्षेपण पर लोकसभा ने इसरो को दी बधाई

उच्च दक्षता वाले स्वदेशी इमेजिनिंग उपग्रह कार्टोसेट-3 और अमेरिका के 13 नैनो उपग्रहों के साथ पीएसएलवी-सी47 के सफल प्रक्षेपण पर लोकसभा ने बुधवार को इसरो और अंतरिक्ष विभाग के सदस्यों को बधाई दी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में कहा कि आज इसरो ने एक बार फिर पीएसएलवी प्रक्षेपणयान का सफल प्रक्षेपण किया है और उसके माध्यम से कार्टोसैट-3 उपग्रह तथा अमेरिका के एक दर्जन से अधिक नैनो उपग्रहों को उनकी कक्षा में स्थापित किया है।

### ई-सिगरेट पर प्रतिबंध लगाने वाला विधेयक लोकसभा में पारित

इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट पर प्रतिबंध लगाने वाले 'इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट (उत्पादन, विनिर्माण, आयात, निर्यात, परिवहन, विक्रय, वितरण, भंडारण एवं विज्ञापन ) प्रतिबंध विधेयक' को लोकसभा ने बुधवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया। स्वाथ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्द्धन ने विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब में देते हुए इस विधेयक को समर्थन देने के लिए सदन के सभी सदस्यों का आभार जताया और कहा कि इस विधेयक के पारित होने से देश में युवा पीढ़ी को ई-सिगरेट जैसे नशे की चपेट में आने से रोका जा सकेगा।

### असम के हिरासत केंद्र में 988 विदेशी बंद

सरकार ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि असम के छह हिरासत केंद्रों में 988 विदेश लोग बंद हैं और उनको मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि हिरासत केंद्रों की जिम्मेदारी राज्य सरकार की है। राज्य सरकार के अनुसार वर्ष 2016 से लेकर अक्टूबर 2019 तक हिरासत केंद्रों में 28 लोगों की मौत स्वाभाविक रुप से हुई हैं। उन्होंने कहा कि बंदियों को भोजन, कपड़े, बिजिक समाचार पत्र, टेलीविजन, खेद कूद का सामान, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन, पुस्तकालय, योग, ध्यान जैसी मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराई जा रही है।

### दिल्ली में झपटमारी के 5307 मामले दर्ज

सरकार ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि मौजूदा वर्ष के दौरान दिल्ली में पुलिस ने झपटमारी के 5307 मामले दर्ज किए हैं और इनकी जांच चल रही है। इसके अलावा संबंधित प्रावधानों के तहत प्राथमिकी नहीं दर्ज करने पर 18 पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की गयी है। गृह राज्य मंत्री जी. किशन रेड्डी ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि दिल्ली पुलिस की अपराधों के संबंध में उचित प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। मौजूदा वर्ष में अक्टूबर 2019 तक झपटमारी के 5307 मामले दर्ज किए गए हैं।

### राज्यसभा में उठा कर्नाटक, महाराष्ट्र में बाढ़ का मुद्दा

कांग्रेस के वी के हरिप्रसाद, जी सी चंद्रशेखर और मनोनीत सांभाजी छत्रपति ने कर्नाटक एवं महाराष्ट्र में हाल के महीने में आई बाढ़ और सूखे का मुद्दा उठाते हुए केंद्र सरकार से इन राज्यों को सहायता करने की मांग की। प्रसाद ने शून्यकाल के दौरान इस मुददे को उठाते हुए कहा कि कर्नाटक बाढ़ और सूखे दोनों से प्रभावित राज्य है। इसको मदद दिए जाने की जरूरत है ताकि प्रभावित लोगों को राहत मिल सके। चंद्रशेखर ने कहा कि राज्य सरकार के पास राहत कार्य के लिए पर्याप्त धनराशि नहीं है। केंद्र से की गई मांग की तुलना में बहुत कम राशि दी गयी है जिससे राहत कार्यो का संचालन संभव नहीं हो पा रहा है।

### नकली दूध का कारोबार करने वालों के लिए फांसी की सजा की मांग

राज्यसभा में बुधवार को सदस्यों ने देश में नकली दूध के कारोबार पर गहरी चिंता जताते हुए इस कारोबार में लगे लोगों को फांसी या आजीवन कारावास की सजा दिए जाने का प्रावधान करने और इस तरह के मामले पाए जाने पर संबंधित कलेक्टर को जिम्मेदार ठहराए जाने की मांग की।

## केंदीय मंत्रिमंडल के फैसले

### विकासशील देशों के लिए उत्सर्जन लक्ष्य कम रखने की वकालत करेगा भारत

**नई दिल्ली।** स्पेन की राजधानी मैड्रिड में 2 दिसम्बर से 13 दिसम्बर तक जलवायु परिवर्तन संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क सम्मेलन के लिए सदस्य देशों की 25वीं बैठक (सीओपी-25) में भारत विभेदित जिम्मेदारियां तय करने पर के अपने रुख पर कायम रहेगा जिसका तात्पर्य यह है कि विकासशील देशों के कार्बन उत्सर्जन कम करने का लक्ष्य विकसित देशों की तुलना में कम होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की यहां बुधवार को हुई बैठक में मैड्रिड बैठक के लिए भारत के आधिकारिक रुख की स्वीकृति दी गई।

### दोहरे कराधान पर भारत-चिली में अनुबंध को मंत्रिमंडल की मंजूरी

केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में दोहरे कराधान की समाप्ति तथा आयकर की चोरी पर रोक लगाने के लिए भारत और चिली के बीच दोहरे कराधान निवारण अनुबंध (डीटीएए) और प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर को आज मंजूरी दी गई। दोनों देशों के बीच इस अनुबंध से दोहरे कराधान को समाप्त करने में मदद मिलेगी और ब्याज, रॉयल्टी तथा तकनीकी सेवाओं के शुल्क के बारे में स्रोत राज्य में कर दरों के निर्धारण के माध्यम से निवेशकों और उद्योगों की कर देनदारी सुनिश्चित की जा सकेगी।

### 15वें वित्त आयोग का कार्यकाल बढ़ा

सरकार ने 15वें वित्त आयोग के कार्यकाल और कवरेज के विस्तार तथा आयोग द्वारा दो रिपोर्ट प्रस्तुत करने की मंजूरी दे दी है। अब इस आयोग को अपनी रिपोर्ट देने के लिए 30 अक्टूबर 2020 तक का समय मिल गया। केंद्रीय मंत्रिमंडल की हुई बैठक में वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए पहली रिपोर्ट प्रस्तुत करने और वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक अंतिम रिपोर्ट 30 अक्टूबर, 2020 तक प्रस्तुत करने के लिए आयोग का कार्यकाल बढ़ाने की मंजूरी दे दी।

### मादक पदार्थों की तस्करी रोकने लिए सऊदी अरब के

फिक्की के अंतर-राष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलन में बोले कोविंद

# उच्च शिक्षा को नए सिरे से करें विकसित

**नई दिल्ली,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने देश की शिक्षा व्यवस्था को 21वीं सदी के अनुरूप बनाने के लिए उच्च शिक्षा को नए सिरे से विकसित करने तथा भारत को शोध एवं अनुसंधान के क्षेत्र में विश्व का केंद्र बनाने का आह्वान किया है। कोविंद ने बुधवार को यहां फेडरेशन ऑफ इंडियन चैम्बर्स (फिक्की) के 15 वे अंतर-राष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए यह आह्वान किया। सम्मेलन में 76 देशों के 1500 से अधिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं जिनमे 350 से अधिक विदेशी प्रतिनिधि हैं। सम्मेलन में उच्च शिक्षा संसंबंधित 160 प्रदर्शनियां लगाई गई है। कोविंद ने कहा कि भारत में उच्च शिक्षा का पुराना इतिहास है और नालंदा विश्वविद्यालय के रूप में दुनिया का सबसे पुराना विश्वविद्यालय रहा है जहां एशिया के दस हजार छात्र पढ़ते थे। आज पूरी दुनिया में शिक्षा की सबसे बड़ी व्यवस्था भारत में है, लेकिन 21 वीं सदी की जरूरतों को देखते हुए उसमे आमूल चूल परिवर्तन लाने की जरूरत है।

### नई शिक्षा नीति दुनिया का सबसे बड़ा शिक्षा विमर्श : निशंक

मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने नई शिक्षा नीति को दुनिया का सबसे बड़ा शिक्षा विमर्श बताते हुए कहा कि हिंदुस्तान की शिक्षा व्यवस्था को दुनिया के शिखर पर पहुंचना है और 2030 तक दाखिला दर 50 प्रतिशत करना है। अभी यह बढ़कर 26.5 प्रतिशत हो गया है।

# झारखंड में भाजपा की सरकार बनते ही लागू होगी एनआरसी



**रांची,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आज वादा किया कि झारखंड में पार्टी की सरकार बनते ही राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) लागू कर दिया जाएगा। केंद्रीय विधि मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद, केंद्रीय जनजातीय मामले मंत्री अर्जुन मुंडा, मुख्यमंत्री रघुवर दास, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मण गिलुआ, झारखंड मामलों के प्रभारी ओम माथुर एवं सह प्रभारी रामविचार नेतम ने यहां एक कार्यक्रम में संयुक्त रूप से झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए अपना घोषणा-पत्र जारी किया और राज्य के लोगों से वादा किया कि प्रदेश में पार्टी की सरकार बनते ही एनआरसी लागू कर दी जाएगी।

घोषणा-पत्र में कहा गया, झारखंड में बड़ी संख्या में बांग्लादेश एवं अन्य क्षेत्रों के लोग प्रवेश कर गए हैं।

## सबरीमाला के दर्शन किए बिना पुणे लौटी तृप्ति



**कोच्ची,** 26 नवम्बर (एजेंसियां)। सबरीमाला अयप्पा मंदिर में प्रवेश करने के लिए पहुंची भूमाता ब्रिगेड की संस्थापक एवं सामाजिक कार्यकर्ता तृप्ति देसाई पुलिस की तरफ से सुरक्षा मुहैया कराये जाने से इनकार के बाद मंगलवार को पुणे वापस लौट आई। सबरीमाला के दर्शन नहीं करने के बाद देसाई ने कहा कि पुलिस द्वारा सुरक्षा प्रदान नहीं किये जाने पर वह केरल सरकार के खिलाफ न्यायालय में न्यायालय की अवमानना की याचिका दायर करेंगी। मंदिर में सभी उम्र की महिलाओं के प्रवेश पर कोई रोक नहीं है तब भी हमें रोक दिया गया। हम पुलिस सुरक्षा की मांग करते हुए आयुक्त कार्यालय पहुंचे लेकिन पुलिस इस बात पर अड़ी रही कि यह मुद्दा अदालत के विचाराधीन है।

गिरिराज ने जनसंख्या नियंत्रण कानून को लेकर चेताया

# देश में हो सकते हैं गृह युद्ध के हालात

**नई दिल्ली,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून नहीं बना तो गृहयुद्ध जैसे हालात हो सकते हैं। आज जनसंख्या समाधान फाउंडेशन की महिला कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर इंडिया गेट से जंतर मंतर तक पैदल मार्च निकाला और सिंह ने इसमें हिस्सा लेने वालों को संबोधित करते हुए कहा कि आबादी का बढ़ना एक विस्फोट की तरह है और तकनीकी रूप से भले हमारी जनसंख्या 130 करोड़ है, लेकिन सच्चाई यही है कि यह 150 करोड़ से अधिक है।

सिंह ने कहा कि जब तक जनसंख्या नियंत्रण कानून नहीं बनेगा, तब तक सभी सुविधाओं के लिए लोगों को तरसना पड़ेगा और न ही युवाओं के लिए नए रोजगार पैदा होंगे। देश की बढ़ती जनसंख्या चिंता का विषय है। जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के अध्यक्ष अनिल चौधरी ने कहा कि जनसंख्या के बढ़ने के कारण देश में गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी, आदि समस्याएं बढ़ रही हैं।

## कनकमाला मामला

### एनआईए अदालत ने प्रमुख आरोपी को सुनाई 14 वर्ष की सजा

**कोच्चि,**27 नवम्बर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की विशेष अदालत ने कनकमाला इस्लामिक स्टेट आतंकवाद मामले में प्रमुख आरोपी मनसीद महमूद को बुधवार को 14 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई। इस मामले में दूसरे आरोपी और चेलक्कारा के निवासी टी स्वालिह को 10 वर्ष कठोर कारावास की जर्वाक तीसरे आरोपी राशिद के लिए सात वर्ष कठोर कारावास की सजा दी है। एनआईए की विशेष अदालत के जज पी कृष्णकुमार ने यह फैसला सुनाया है। इन सभी आरोपियों पर जुर्माना भी लगाया गया है।

गौरतलब है कि केरल और पड़ोसी राज्यों के विभिन्न हिस्सों में इस्लामिक स्टेट से संबंधित आतंकवादी हमले की साजिश रचने के आरोप में वर्ष 2016 में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में चौथे आरोपी रामशाद एन के को तीन वर्ष, पांचवे आरोपी सफवान को आठ वर्ष और छठे आरोपी पी के मोइनुद्दीन को तीन वर्ष कठोर कारावास की सजा दी गयी है। एक अन्य आरोपी जसीम एन के को इस मामले में बरी कर दिया गया है। एनआईए ने अक्टूबर 2016 में कन्नूर जिले के कनकमाला में इस्लामिक स्टेट के ठिकाने का भंडाफोड़ कर छह आरोपियों को गिरफ्तार किया था।


CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION COMPANY LTD.
(A Govt of Chhattisgarh Undertaking) (Successor Company of CSEB)
OFFICE OF SUPRETENDING ENGINEER (CIRCLE)
MAHASAMUND E-mail ID - SEOnM.mahasamund@cseb.gov.in
Ph No.07723-223833, Fax No. 07723-223870

:: NOTICE FOR E-PROCUREMENT ::

Online bids are invited through CSPCL's e-tendering system (SAP MDM) from eligible class-III/equal contractors registered in the On-Line TRD/CSPCL Portal, Chhattisgarh Raipur for the following work :

| Tender No / Date & date of submission of bid | Date of Opening of bid | Name of work | Tender value in Rupees (Last VOE) | Eligible contractor | Completion period |
|---|---|---|---|---|---|
| TR.No. 02/Pr. up to 16.00 on 09.12.2019, 4102001960 | 09.12.19 at 16.30 | Earth Fill Improvement from ch 35 to Salon, at village Bodhli Chhatwdeol Irrig Under Chaffcutter Div (O&M) Dn. Saraipali of EE Project Dn Mahasamund | 422982.00 | Class II & above | 45 Days |
| TR.No. 02/Pr. up to 16.00 on 09.12.2019, 4102001961 | 09.12.19 at 16.30 | Earth Fill 35 KV VCB with Bay & 11KV VCB with Bay at village Bamda Under Saraipali, Saraipali DO for (O&M) Dn. Mahasamund of EE Project Dn. Mahasamund | 896343.00 | Class II & above | 45 Days |
| TR.No. 02/Pr. up to 16.00 on 09.12.2019, 4102001962 | 09.12.19 at 16.30 | Earth Fill 35 KV Pole with VCB & 33 KV Pole with VCB at Village Chaffcutter Banera Under Chaffcutter Banera (T) Div of (O&M) Dn Saraipali EE Project Dn Mahasamund | 896343.00 | Class II & above | 45 Days |
| TR.No. 02/Pr. up to 16.00 on 09.12.2019, 4102001963 | 09.12.19 at 16.30 | Earth Fill Providing 33 KV VCB with Isc & 33 KV VCB with Bay at Chinchol, Saidih Under Saidih(Sar. Saidih) Div of (O&M) Dn Saraipali EE Project Dn Mahasamund | 896343.00 | Class II & above | 45 Days |
| TR.No. 02/Pr. up to 16.00 on 09.12.2019, 4102001964 | 09.12.19 at 16.30 | Earth Fill Providing 33 KV VCB with Isc & 33 KV VCB with Bay at village Chandrapur Pole Under Simga, Pole Div (O&M) Dn Saraipali of EE Project Dn. Mahasamund | 896343.00 | Class II & above | 45 Days |
| TR.No. 02/Pr. up to 16.00 on 09.12.2019, 4102001965 | 09.12.19 at 16.30 | Earth Fill 33 KV VCB with Isc & 33 KV VCB with Bay at Bhagalchori 33/11 KV Sub Station Div of (O&M) Dn Saraipali of EE Project Dn. Mahasamund | 896343.00 | Class II & above | 45 Days |
| TR.No. 02/Pr. up to 16.00 on 09.12.2019, 4102001994 | 09.12.19 at 16.30 | Earth Fill Providing 33 KV VCB with Isc & 33 KV VCB with Bay at Pamarkuti Under Saidih Div of (O&M) Dn Saraipali of EE Project Dn Mahasamund | 1010863.00 | Class II & above | 45 Days |
| TR.No. 02/Pr. up to 16.00 on 09.12.2019, 4102001995 | 09.12.19 at 16.30 | Earth Fill Providing 33 KV VCB with Isc & 33 KV VCB with Bay at Sonpagar Under Saidih Div of (O&M) Dn Saraipali of EE Project Dn Mahasamund | 896343.00 | Class II & above | 45 Days |

Mahasamund Dt. 27-11-2019

Tender fee / Earnest Money / Security deposit / Other details are available on the website. Bidding will be done online through the SAP MDM portal. Bidders are requested to visit the website regularly for updates. Interested bidders can obtain the tender documents from the website. Bidding will be done online through the SAP MDM portal. Bidders are requested to visit the website regularly for updates. Interested bidders can obtain the tender documents from the website. There will be minimum four tenders on every Wednesday from 3.00 pm to 7.00 pm at RTC, CSPGCL, Hirakud or earlier, in case of less interest. 2. Corrigendum/Cancellation/time extension, if any will be displayed on above website and notice board of this only.

"Save energy for benefit of self and Nation"

EXECUTIVE ENGINEER (CIRCLE CSPGCL,MAHASAMUND)



प्रपत्र - 'ए'
सार्वजनिक घोषणा
ऋणदायीय दिवाला और ऋण शोध अक्षमता बोर्ड (कार्पोरेट व्यक्तियों के लिए ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 6 के अधीन, जीकेसी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के लेनदारों के ध्यानार्थ

लेनदारों

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्पोरेट देनदार का नाम | जीकेसी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड |
| 2. | कार्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि | 05-04-2004 |
| 3. | प्राधिकरण जिसके अधीन कार्पोरेट देनदार निगमित/पंजीकृत है | कंपनीज - हैदराबाद |
| 4. | कार्पोरेट देनदार की कार्पोरेट पहचान संख्या/सीमित दायित्व पहचान संख्या | U45200TG2004PLC043015 |
| 5. | कार्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई) का पता | वई नंबर 9(बी), रोडनंबर 12, बंजारा हिल्स, हाईदराबाद सिटी, तेलंगाना-500034, भारत |
| 6. | कार्पोरेट देनदार के समक्ष दायर होने वाला आवेदन प्राप्त होने की तारीख | 21-11-2019(संदर्भ 25-11-2019 को उपलब्ध कराया गया) |
| 7. | ऋण शोध अक्षमता प्रोसेस के समाप्त हो जाने की पूर्वानुमानित तिथि | 18.05.2020 |
| 8. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल के रूप में कार्यरत ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल का नाम और प्रोफेशनल पता | अनुराधा एस मोहनुरा एस IBBI/IPA-001/IP-P00181/2017-2018/10360 |
| 9. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल का पता और ई-मेल, जैसाकि बोर्ड में पंजीकृत है। | 1-1-24, बशीर बाग एस. बी. वी कई लक्ष्मणराव आसफिया, हाकमपेट, सोमेश रेड्डी नगर, हैदराबाद, तेलंगाना-500029 ई-मेल आईडी : mailbox1@gmail.com |
| 10. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल का पंजीकरण हेतु प्राधिकृत पता और ई मेल | 1-1-24, बशीर बाग एस. बी. वी कई लक्ष्मणराव आसफिया, हाकमपेट, सोमेश रेड्डी नगर, हैदराबाद, तेलंगाना-500029 ई-मेल आईडी : cbcirp@gmail.com, mailbox1@gmail.com |
| 11. | दावा प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि | 09-12-2019 |
| 12. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल द्वारा पात्र दो की तथा पात्र (क्लेम) के सचिव (यदि वे लेनदार प्रतिनिधित्व समिति की सदस्य हैं) | ऋण शोधी की आय पर विशेष की आपदी |
| 13. | किसी वर्ग के लेनदारों के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने हेतु विशिष्ट फार्म तथा अन्य जानकारी प्रोफेशनल के पास उपलब्ध होने के लिए तीन पात्र | उपलब्ध है आए नहीं |
| 14. | (क) एसोसिए शेयर और (ख) अधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण या उपलब्ध है | वेबसाइट https://www.ibbi.gov.in/home/downloads |
| 15. | प्रस्तुतुत मुद्दा के बारे में कुछ कानूनी निहित न्यायाधिकरण, दिल्ली पीठ ने दिनांक 21 नवम्बर, 2019 को दिवाले और शोधन अक्षमता बोर्ड (अपील प्रक्रिया) विनियमावली, 2019 के विनियम 21 के तहत अधिसूचना जारी की है जो कि दिवाले के लिए आवेदन 30 नवम्बर, 2019 को उपलब्ध कराया गया है। | |

किसी लेनदार को अपने दावे पत्र प्रमाण सहित इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों द्वारा अथवा डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत, 25 नवम्बर 2019 को अंतरिम समाधान प्रोफेशनल के समक्ष अपना अधिकार पत्र के साथ प्रमाणित पत्रों पर प्रस्तुत करने की मांग की जाती है।

किसी लेनदार को अपने पत्रों पर पत्र प्रमाण सहित इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों द्वारा अथवा डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत अपने पत्रों पर पत्र प्रमाण सहित उपलब्ध कर दी जाएगी।

किसी वर्ग के अन्य लेनदार जिनके अंतर्गत जैसाकि प्रोसीज़र के पत्र के साथ पढ़ीकृत है प्रपत्र सीए में वर्णित विवरण प्रोसेस प्रोफेशनल के समक्ष प्रमाण सहित पत्र प्रस्तुत करने होंगे। प्रपत्र सीए में वर्णित विवरण अपने पत्रों पर पत्र प्रमाण सहित उपलब्ध कर दी जाएगी।

दिनांक : 27-11-2019
स्थान : हैदराबाद

अंतरिम समाधान प्रोफेशनल का नाम और पता
अनुराधा एस मोहनुरा



दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे
ई-निविदा सूचना
इलेक्ट्रीकल डिपार्टमेंट (टीआर-डी)/बुलेटी
निविदा सूचना
निविदा सूचना क्र: TRD_NGP_Tender_19-20_05R2, तारीख 19/11/2019
कार्य का नाम : डीएलसी-एसबीसी सेक्शन में ओएचई स्थापना (560 nos.) की सुधारणा।
निविदा मूल्य : रु. 8,24,92,000/-
धरोहर धनराशि : रु. 8,12,500/-
निविदा दस्तावेज की लागत : रु. 10,000/-
इलेक्ट्रॉनिक (ऑन लाइन) प्रस्ताव जमा करने की ऑन लाइन : 19/12/2019 देखुह 15:00 बजे
निविदा सूचना क्र: TRD_NGP_Tender_19-20_10R, तारीख 19/11/2019
कार्य का नाम : कार्य क. 8 के प्रस्ताव के लिए ओएचई के बदल करने के लिए पुल स्पान की आर क्र. 33/बीएन आरओबी-पीएमएन में क्रमिक विद्युतीकरण(ए) नागपुर के अधिकार क्षेत्र में।
निविदा मूल्य : रु. 7,83,058.18/-
धरोहर धनराशि : रु. 15,700/-
निविदा दस्तावेज की लागत : रु. 2,000/-
इलेक्ट्रॉनिक (ऑन लाइन) प्रस्ताव जमा करने की ऑन लाइन : 19/12/2019 देखुह 15:00 बजे
निविदा सूचना क्र: TRD_NGP_Tender_19-20_13, तारीख 19/11/2019
कार्य का नाम : नागपुर डिवीजन के चेन लाइन पर डिजीसेल इलेक्ट्रीफेशन सुधारण।
निविदा मूल्य : रु. 14,02,460.65/-
धरोहर धनराशि : रु. 28,200/-
निविदा दस्तावेज की लागत : रु. 2,000/-
इलेक्ट्रॉनिक (ऑन लाइन) प्रस्ताव जमा करने की ऑन लाइन : 18/12/2019 देखुह 15:00 बजे
निविदा सूचना क्र: TRD_NGP_Tender_19-20_11R, तारीख 20/11/2019
कार्य का नाम : बामदाजुरा डिपोजिट हाइटन् कार्य के लिए एक ही ई. 531 (वी) 1047 / 27-29 और 525 किमी 1036 / 11-13 तुरबार रोड घर-गोदिया सेक्शन जीआर. ए बट (टीआरडी भाग)/ कार्यों के निर्माण के लिए।
निविदा मूल्य : रु. 23,45,940.45/-
धरोहर धनराशि : रु. 58,000/-
निविदा दस्तावेज की लागत : रु. 2,000/-
इलेक्ट्रॉनिक (ऑन लाइन) प्रस्ताव जमा करने की ऑन लाइन : 20/12/2019 देखुह 15:00 बजे
उपरोक्त निविदा के लिए, निविदा दस्तावेजन और ईएमडी तथा इलेक्ट्रॉनिक टेंडरिंग के बारे डीटेल/डेटिंग विवरण, नामपत्रिका के माध्यम से www.ircps.in विशाखापट्टनम पर जाएं।
वरिष्ठ मंडलीय इलेक्ट्रीकी इंजीनियर(टीआर डी), वरिष्ठ मंडलीय वाणिज्य प्रबंधक, मुख्यालय कार्यालय, डीएलडब्ल्यू कारखाना परिसर, वाराणसी
AIM/35/188
नाम रतन सीजन • रत्न हमारा है हो